Date	Edition	Publication	Page no.
27th August 2014	Lucknow	Rashtriya Sahara	17

'इंडिया इलेक्ट्स- 2014' का विमोचन

नई दिल्ली (एजेंसी)। अग्रणी पोर्टल Electionsindia.com ने आज कान्स्टीट्यूशन क्लब में अपनी पुस्तक इंडिया इलेक्ट्स-2014, भारत के आम चुनाव : 2009-2014 के नतीजों का तुलनात्मक विश्लेषण, का विमोचन किया। प्रसिद्ध चुनाव विश्लेषक व एनडीटीवी के प्रमुख डा. प्रणय रॉय ने इस पुस्तक की प्रस्तावना लिखी है। डाटानेट इंडिया प्रा. लि. के निदेशक डा. आरके ठुकराल व मदन बहल की उपस्थिति में इस पुस्तक का विमोचन भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डा. एसवाई कुरैशी ने किया। प्रस्तावना में बताया गया है कि भारत के पास दुनिया की सबसे उन्नत इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली है, साथ ही यह अफसोस भी जताया गया है कि अभी तक इसके चुनावों पर बहुत कम मौलिक अनुसंधान हुआ है, यही कारण है कि इंडिया इलेक्ट्स-2014 बेहद महत्वपूर्ण है। विस्तृत डाटा से भरपूर यह पुस्तक 7 अप्रैल और 12 मई, 2014 के बीच पूरे भारत में हुए आम चुनावों के नतीजों का विश्लेषण करती है।